

रुड़की में गुरुवार को रोटरी क्लब मिडटाउन ने पौधरोपण किया। • हिन्दुस्तान

# रुड़की रोटरी क्लब ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बढ़ाए कदम

रुड़की, संवाददाता। रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन ने गुरुवार को क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना था। इस दौरान क्लब एवं संस्थान के सदस्यों और छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु सिंह पुंडीर ने कहा कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखते हैं, बल्कि यह हमारे जीवन के लिए भी आवश्यक हैं। हमें पर्यावरण के बचाव के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे समुदाय को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण जैन जो रोटरी रुड़की मिडटाउन के सदस्य भी हैं ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पौधरोपण के महत्व और उनकी देखभाल के बारे में जागरूक किया।

रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए निर्वाचित डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश ने बताया कि रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन रुड़की शहर की एक अग्रणीय समाज सेवी संस्था है। इस दौरान डॉ. सौरभ, क्लब के सचिव विवेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश रावल, संजीव सिंह कौशल, हेमंत अरोड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय प्रताप सिंह, डॉ. विपुल अरोरा, पंकज गुप्ता, कमल धवन, डॉ. अजय भार्गव, डॉ. मधुरिमा पंवार, केनेथ सैमुएल, उदयन गुप्ता, शालिनी प्रकाश, नेहा पुंडीर, दिव्या गुप्ता, इन्दु, श्वेता आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 12 जुलाई, 2024





रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन ने क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया ● साभार: आयोजक



रुड़की के मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कालेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करती शिक्षिकाएं ● साभार-कॉलेज

# पर्यावरण के बचाव को रोपें ज्यादा पौधे

## संस्थान के सदस्यों और छात्रों ने फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए

जागरण संवाददाता, रुड़की: रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन ने गुरुवार को क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर क्लब व संस्थान के सदस्यों और छात्रों ने विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन के अध्यक्ष हिमांशु सिंह पुंडीर ने कहा कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखते हैं, बल्कि यह हमारे जीवन के लिए भी आवश्यक हैं। क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के प्रबंध निदेशक एवं क्लब के सदस्य डा. ऋषभ जैन ने पौधारोपण के महत्व एवं उनकी देखभाल के बारे में जागरूक किया। रोटरी के डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश ने कहा कि रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन पिछड़े एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए 35 वर्ष से समाज सेवा कर रही है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हेमंत अरोड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, डेंगू से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय जैसे कई प्रकार के कार्य करेगा। इस मौके पर क्लब के सचिव विवेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश रावल, डा. सौरभ, संजीव सिंह कौशल, पूर्व दायित्वधारी अक्षय प्रताप सिंह, डा. विपुल अरोड़ा शामिल थे।





झबरेड़ा के चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कालेज में पौधे रोपते एनसीसी कैडेट्स ● सौजन्य: संस्थान

### मां की तरह प्रेम व सद्भाव के साथ पेड़ों की करें देखभाल

जागरण संवाददाता, रुड़की: मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कालेज में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में कालेज की प्रबंधक जे सिंह ने कहा कि प्रत्येक पेड़ की हम अपनी मां की तरह प्रेम व सद्भाव के साथ देखभाल करेंगे। पर्यावरण को हरा-भरा बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्राचार्य डा. अमिता श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार जीवन में मां की छाया का होना जरूरी है, उसी प्रकार वृक्षों की छाया का होना भी हमारे लिए जरूरी है। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. पायल अग्रवाल ने भी छात्राओं को समय-समय पर पौधे लगाने को प्रेरित किया।

### हरेला पर्व के उपलक्ष्य में लगाएं पौधे

झबरेड़ा: कस्बा स्थित चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कालेज की ओर से हरेला पर्व के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने कहा कि 16 जुलाई से शुरू हो रहे हरेला पर्व के उपलक्ष्य में सभी को पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान एनसीसी कैप्टन सुशील कुमार आर्य, रवि कपूर, अमित कंबोज, सुमित कुमार, सौरभ पवार, अशोक कुमार, निधि, अरुणा, नीलम, शिखा सैनी, पूजा आर्या, तरुण कुमार मौजूद थे।